डायमण्ड कॉमिक्स

-751 8.00

महाबली शाका और शैतान से मुठभेड़

मुफ़्त
स्टिकर
इस कॉमिक
के साथ

http://manojcomicsworld.blogspot.in

प्रस्तुत करते हैं

Diamond Quiz Series में प्रकाशित

क्रिकेट प्रश्नोत्तरी

लेखक : विकास लूथरा

मातृभाषा हिन्दी में अपनी तरह की पहली किताब जिसमें समूचे क्रिकेट जगत को 2000 से भी अधिक प्रश्नों और उनके उत्तरों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। क्रिकेट के हर सवाल का तुरन्त जवाब आप इस पुस्तक से प्राप्त कर सकते हैं।

मूल्य 20/- डाक व्यय 5/-



इतिहास प्रश्नोत्तरी

लेखक : सुरेश शर्मा, उमेश ठाकुर और नितिन श. वशिष्ठ

इतिहास मानव जाति की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति का दर्पण है। हर बीता क्षण इतिहास है। मानव सभ्यता के इतिहास की सभी महत्त्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी दी गई है।

मूल्य 20/- डाक व्यय 5/-

भूगोल प्रश्नोत्तरी

लेखक : संजीव शर्मा, नितिन श. वशिष्ठ

मानव हमेशा से ही प्रकृति के रहस्यों को जानने के लिए जिज्ञासु और तत्पर रहा है। मानव के यह अथक प्रयास का परिणाम है कि हम पृथ्वी तो क्या अन्य ग्रहों के विषय में भी थोड़ा बहुत जान गए हैं। भूगोल प्रश्नोत्तरी आपके हर सवाल का जवाब है।

मूल्य 20/- डाक व्यय 5/-





विज्ञान प्रश्नोत्तरी

लेखक : सुशीला शर्मा, संजीव शर्मा

विज्ञान से सम्बन्धित अनेक रोचक, रोमांचक और जिज्ञासा भरे प्रश्न तथा उनके ज्ञानवर्धक उत्तर। विज्ञान के हर विद्यार्थी के लिए पठनीय व संग्रहणीय।

मूल्य 20/- डाक व्यय 5/-

आगामी प्रकाशन

- राजनैतिक प्रश्नोत्तरी
- खेलकूद प्रश्नोत्तरी
- मनोविज्ञान प्रश्नोत्तरी
- सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी
- साहित्य कला संस्कृति प्रश्नोत्तरी

डायमण्ड कॉमिक्स में

श्रीमतीजी और उसके पति किशोर की हंसाने और गुदगुदाने वाली नोकझोंक पूरे परिवार के लिए स्वस्थ मनोरंजन भरी रंगीन कॉमिक

श्रीमतीजी और तोहफा

आकर्षक स्टिकर मुफ्त!

नये डायमण्ड कामिक्स 1 नवम्बर 93 को प्रकाशित

प्राण का—श्रीमतीजी और तोहफा (स्टिकर फ्री)	8.00
महाबली शाका और मैग्नेटो (स्टिकर फ्री)	8.00
चाचा भतीजा और नागिन का इंतकाम (स्टिकर फ्री)	8.00
लम्बू मोटू और क्लायमैक्स की चोरी (स्टिकर फ्री)	8.00
पलटू और चोर कौन (स्टिकर फ्री)	8.00
ताऊजी और भगोड़ी आत्मा (स्टिकर फ्री)	8.00

NEW DIAMOND COMICS (1st NOV.93)

Pran's— **Shrimatiji & Gift** (Sticker Free)	8.00
Mahabali Shaka & Magneto (Sticker Free)	8.00
Chacha Bhatija & The Vengeance of a Snake (Sticker Free)	8.00
Lambu Motu & The Theft of Climax (Sticker Free)	8.00
Tauji & The Spirit of an Absconder (Sticker Free)	8.00

नये डायमण्ड कॉमिक्स 15 नवम्बर 93 को प्रकाशित

प्राण का—रमन और रामलीला (स्टिकर फ्री)	8.00
प्राण का—दाबू और देव (स्टिकर फ्री)	8.00
चाचा भतीजा और इंतकाम का अंजाम (स्टिकर फ्री)	8.00
राजन इकबाल और चलता फिरता कब्रिस्तान (स्टिकर फ्री)	8.00
फौलादी सिंह और झणाक्षक (स्टिकर फ्री)	8.00
जेम्स बाण्ड-15 (स्टिकर फ्री)	8.00
मैण्ड्रेक-15 (डाइजेस्ट) (स्टिकर फ्री)	15.00

NEW DIAMOND COMICS (15th NOV. 93)

Pran's—**Raman & Ramlila** (Sticker Free)	8.00
Pran's—**Daabu & Dev** (Sticker Free)	8.00
Chacha Bhatija & The Consequence of Vengeance (Sticker Free)	8.00
Fauladi Singh & Jhanakshak (Sticker Free)	8.00
James Bond-15 (Sticker Free)	8.00
Mandrake-15 (Digest) (Sticker Free)	15.00



डायमण्ड कॉमिक्स का
सुपरहिट
800
वां अंक
कार्टूनिस्ट प्राण का
चाचा चौधरी
राका का चैलेंज

डायमण्ड कामिक्स प्रा. लि. 2715, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

Printed & Published by Narendra Kumar on behalf of Diamond Comics with arrangement of Best Photo Offset Printers 81, A Type DDA Shed, Okhla Phase-II, New Delhi & Jain Offset Printers 2864 Chail Puri, Kinari Bazar, Delhi 110006
Editor : Gulshan Rai

http://manojcomicsworld.blogspot.in

महाबली शाका और शैतान सेमुठभेड

सम्पादक : गुलशन रॉय   कलाकार : सुरेन्द्र सुमन   कथा : जमीर

'किडनी के चोर' में आपने पढ़ा कि किडनी-चोर हार्डी और डा० सोलेमन कोसिमा के बीहड़ों में आकर उत्पात मचाते हैं। इनके कारनामों से अचानक आदिवासियों के पेट में असहनीय पीड़ा होने लगती है। कबीले के वैद्य कुछ नहीं कर पाते, उल्टे वैद्य के ही पेट में पीड़ा उठने लगती है। सरदार भी पीड़ा का शिकार हो जाता है। डा० सालोमन और हार्डी मदद करने का नाटक करने कबीले में आ धमकते हैं। शाका भी घटना स्थल पर आ जाता है। उसे हार्डी पर शक हो जाता है, वह उसका पीछा करता है — अब आगे—

http://manojcomicsworld.blogspot.in

अगर मैं तुम्हारी तलाशी लूं तो क्या तुम्हें कोई एतराज होगा?

अच्छा हुआ मैंने ट्रांसमीटर को रेडियो में चेंज कर दिया था, वरना गड़बड़ हो जाती।

एतराज कैसा? आप शौक से तलाशी ले सकते हैं।

शाका ने तलाशी ली–

यह क्या है?

र...रेडियो!

जब बोरियत होती है तो गाने वग़ैरह सुन लेता हूं।

शाका ने उसे चालू करके खोलकर हर तरह से देखा पर कोई खास बात नजर न आई।

इसमें कोई गड़बड़ है जरूर, पर मेरी पकड़ में नहीं आ रही।

लो रख लो!

आपको गाने सुनने हों तो आप रख लें।

मुझे गाने सुनने का शौक नहीं है।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

हार्डी ने रेडियो लेकर जेब में रखा और वहां से चल दिया।

इन विदेशियों की असलियत जानने के लिये अपनी ओर से इनका ध्यान हटाना जरूरी है। इसके लिये फिलहाल मुझे यहां से जाना पड़ेगा।

शाम को—

मि० शाका ! हास्पिटल तैयार हो गया है। आज्ञा हो तो आपरेशन शुरू किया जाये?

आज्ञा है।

जैक्सन ! सरदार लूसा को टेबल नं० वन पर लिटवाओ, उनका ऑपरेशन मैं करूंगा, बाकी तीन आपरेशन...

... डा० फास्टर, डा० विल्सन और डा० फैंकलिन करेंगे।

ओ० के० डाक्टर !

तभी कोबरा कबीले का एक व्यक्ति भागता हुआ आया—

महाबली ! कबीले के सरदार और कई लोगों के भी दर्द शुरू हो गया है।

जाकर उन्हें देखो डाक्टर!

देखने से कोई लाभ नहीं होगा। उनकी भी ऑपरेशन करना पड़ेगा, पर अभी नहीं बाद में। फिलहाल उन्हें दर्द-नाशक इंजैक्शन लगवा देता हूं।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

दो घण्टे बाद—

चारों आपरेशन कामयाब रहे, मि० शाका! अब सरदार नूसा और वह तीनों आदमी बिल्कुल ठीक हैं।

दूसरे लोगों के आपरेशन कब करोगे?

चार और लोगों को बेहोशी के इंजेक्शन लगा दिए हैं, आधे घण्टे बाद उनका आपरेशन शुरू हो जायेगा।

हमसे जितनी जल्दी हो सकेगा हम सबका आपरेशन करके उन्हें दर्द से छुटकारा दिला देंगे।

ठीक है, तो फिर मुझे इजाजत दो. अब मेरा यहां कोई काम नहीं।

काम तो कोई नहीं है, फिर भी आप यहां रहते तो अच्छा था!

मैं बेकार में कहीं समय बरबाद नहीं करता!

शाका के वहां से रवाना होते ही हार्डी डाक्टर के पास पहुंचा—

एक नाग का चैक हाथ से निकला जा रहा है डाक्टर।

चिन्ता मत करो! वह वापस आयेगा।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

शाका उस स्थान पर पहुंचा जहां कोंगारी कबीले वालों ने डेरा डाल रखा था।

अब तुम लोगों का दर्द कैसा है?

विदेशियों के उपचार से बहुत कम हो गया है। वरना हम तो दर्द से मरे जा रहे थे।

उधर हास्पिटल के एक कैम्प में—

चारों पीस अच्छी तरह पैक कर दिये हैं न?

यस डा०!

जी हां!

जार और लिक्विड चैक कर लिये थे न?

अगले दिन—

खरगोश के भुने हुए मांस का जवाब नहीं, मजा आ जाता है नाश्ते में।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

अचानक—

आह! कहीं यह वैसा ही पेट दर्द तो नहीं है जैसा शिवाला कबीले में फैला हुआ है

कुछ ही देर में दर्द उसकी बर्दाश्त से बाहर हो गया।

आह! बिना इंजैक्शन लगवाए काम नहीं चलेगा।

अगले ही पल—

जल्दी शिवाला कबीले चल दोस्त! वरना यह दर्द मेरी जान ले लेगा।

डा० सालोमन ग्रुप पार्टी चार जंगलियों का आपरेशन करके बाहर बैठे कॉफी पीकर थकान मिटा रहे थे- तभी जैक्सन भागता हुआ वहां पहुंचा—

मि० हार्डी! शाका वापस आ रहा है।

देखा मि० हार्डी! अब बोलो क्या करना है?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

अगर वह दर्द से परेशान होकर आ रहा है तो उसे दर्द नाशक इंजैक्शन की बजाय बेहोशी का हैवी डोज दे देना।

तभी शाका वहां पहुंच गया।

डाक्टर! बहुत तेज दर्द है। जल्दी से दर्द कम करने का इंजैक्शन लगा दो।

हार्डी, मि० शाका को अन्दर लाओ। मैं इंजैक्शन तैयार करता हूं।

ओ० के० डाक्टर!

आइये मि० शाका! मेरा सहारा लेकर नीचे उतर आइये।

सहारे की जरूरत नहीं, मैं खुद उतर सकता हूं।

घोड़े से उतरकर शाका कैम्प में प्रविष्ट हुआ—

बैठिये मि० शाका! इंजैक्शन तैयार है।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

बस कुछ देर बाद आपको दर्द से छुटकारा मिल जायेगा।

कुछ क्षणों पश्चात—

उफ़! यह क्या हो रहा है! मेरा सिर क्यों घूम रहा है?

धोखा!

लगता है वह बेहोशी का इंजैक्शन था!

उसने अपने सिर को दो-तीन झटके देकर अपने ऊपर छा रही बेहोशी को दूर भगाया और दरवाजे की ओर झपटा।

बाहर जाकर शिवाला और कोठरा कबीले वालों को सावधान कर दूं ताकि यह लोग मेरे साथ कुछ गड़बड़ न कर सकें।

वह दरवाजे के करीब पहुंचा ही था कि—

अब तुम यहां से बाहर नहीं जा सकते।

धड़!

कहो तो आपरेशन करके इसके दोनों गुर्दे बाहर निकाल दूं?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

सोचा तो मैंने भी यही था. पर चीफ ने उसे सही सलामत भेजने को कहा है।

उसी रात–

हैलो हार्डी कालिंग फ्राम आपरेशन के...ओवर!

टॉम स्पीकिंग... ओवर!

माल तैयार है. आकर ले जाओ!

हम आ रहे हैं। आधे घण्टे बाद सिग्नल देना।

आधे घण्टे बाद–

कुछ देर बाद एक बे आवाज हैलीकाप्टर नीचे उतर आया।

हैलो हार्डी, माल कहां है?

अभी आता है।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

हार्डी ने दायीं ओर झाड़ियों की तरफ टार्च का प्रकाश फेंका—

अगले ही पल तीन व्यक्ति झाड़ियों की आड़ से निकलकर वहां पहुंच गये।

यह तुमने किसे लाद रखा है जैक्सन?

यह महाबली शाका है।

इसे चीफ के पास पहुंचाना है. बहुत खतरनाक व्यक्ति है। हमने इसे बेहोशी का हैवी डोज दिया हुआ है। फिर भी खयाल रखना. रास्ते में जरा सा भी होश में आता दिखे तो बेहोश कर देना।

कुछ देर बाद हैलीकाप्टर वहां से रवाना हो गया।

कल ही एक लाख डालर हमारे एकाउन्ट में जमा हो जायेंगे।

शाका को होश आया-

यह हॉस्पिटल कैम्प तो है नहीं, लगता है, मैं कहीं और आ गया हूं।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

अरे कोई है?

ओह! तो तुम्हें होश आ गया?

कौन हो तुम? सामने आकर बात करो!

अभी हाजिर हुआ!

कुछ देर बाद कमरे का दरवाजा खोलकर एक व्यक्ति अंदर प्रविष्ट हुआ।

मैं कहां हूं?

अमरीका में।

क...क्या?

अगले ही पल शाका ने अपने आश्चर्य पर काबू पा लिया।

बिल्कुल ठीक पहचाना, जवाब नहीं तुम्हारे दिमाग का।

तब तो तुम जरूर अमरीका की मशहूर संस्था सी॰ आई॰ ए॰ के चीफ होंगे।

मुझे यहां क्यों लाया गया है? जंगल में गई डाक्टर पार्टी से तुम्हारा क्या सम्बन्ध है?

उन्हें हमने ही भेजा है, तुम हमारे कई मिशनों को बरबाद कर चुके हो. हमने तुम पर एक लाख डालर का इनाम रखा हुआ है। वह लोग तुम्हें वहीं खत्म कर देना चाहते थे पर मैंने तुम्हें यहां मंगवा लिया।

क्यों?

हम यहां तुम्हें अपना गुलाम बनाएंगे। फिर जंगल वापस भेज देंगे ताकि तुम वहां रहकर हमारे लिए जासूसी कर सको।

शाका को गुलाम बनाना असम्भव है।

आज के वैज्ञानिक युग में कुछ भी असम्भव नहीं रहा।

...एक छोटा सा आपरेशन करके तुम्हारे सिर में एक यंत्र फिट कर दिया जायेगा, उसके बाद तुम इस तरह मेरा हुक्म मानोगे जैसे कुत्ता अपने मालिक का मानता है।

अगर यह सच कह रहा है तो यह मेरे लिये बड़ी खतरनाक बात है।

क्या सोचने लगे?

क... कुछ नहीं!

हार्डी एण्ड पार्टी को क्या मेरे लिये ही भेजा गया था?

नहीं! तुम तो अचानक उनके हाथ लग गये थे, उनका मिशन तो दूसरा है।

क्या मिशन है उनका?

हमारे देश में आजकल एक अत्यन्त खतरनाक बीमारी फैली हुई है। जिससे इंसान के दोनों गुर्दे खराब हो जाते हैं और वह मर जाता है...

... इस बीमारी का एक ही इलाज है। आपरेशन करके उनके गुर्दे बदल दिये जायें. यूं तो हमारे डाक्टरों ने उस बीमारी का एण्टी इंजेक्शन तैयार कर लिया है। पर उसमें एक कमी है, जिस इंसान के शरीर में उस बीमारी के वायरस प्रविष्ट हो चुके हैं...

... उन पर वह असर नहीं करता। जिन्हें वह बीमारी नहीं हुई है या जिनके गुर्दे बदल दिये गये हैं, उन्हें वह इंजेक्शन इस बीमारी से बचाये रखता है। जिन लोगों को वह बीमारी है, हम बाहर से गुर्दे मंगा...

... कर उनके गुर्दे बदलवा रहे थे। पर हमारी मांग देखकर जिन स्मगलरों अपराधियों और अन्य सोर्सों से गुर्दे मंगवा रहे थे, उन्होंने गुर्दों के दाम बहुत बढ़ा दिये, हमारे लिये उन दामों पर गुर्दे...

...खरीदना असम्भव हो गया। पर हम अपने हजारों देश-वासियों को मरने के लिये भी नहीं छोड़ सकते थे...

http://manojcomicsworld.blogspot.in

...हमने गुर्दों के इंतजाम के लिये एक प्लान बनाया और अपने आदमियों के साथ डाक्टरों की एक टीम जंगल में भेज दी।

ओह..अब समझा! आपरेशन के बहाने वह लोग गुर्दे निकाल रहे थे।

हां!

इसका मतलब पेट दर्द की बीमारी भी तुम्हारी ही चाल थी?

हां! हमारे बे-आवाज हैलीकाप्टर ने वहां पेट में दर्द पैदा करने वाली गैस से भरे हजारों कैप्सूल टपका दिये थे। जिससे वहां के लोगों में भयानक पेट दर्द शुरू हो गया।

कितने नीच हो तुम लोग। अपने लोगों को जिन्दा रखने के लिये उन सीधे-साधे जंगलियों की जान से खेल रहे हो?

यह तो दुनिया का दस्तूर है। खुद जिन्दा रहना है तो दूसरों को मार डालो। हम तो उनका एक ही गुर्दा निकलवा रहे हैं ताकि वह जिन्दा भी रहें और हमारे आदमी भी बच जायें।

मुझे किसी भी तरह यहां से निकलना होगा ताकि जंगल पहुंच कर उन लोगों को रोका जा सके, वरना वह सैकड़ों जंगल वासियों के गुर्दे निकाल लेंगे।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

क्या यहां मेहमानों को भूखा रखने का दूस्तूर है?

ओह! अभी खाना भिजवाता हूं।

दरवाजे पर पहुंच-कर चीफ पलटा-

अगर यहां से भागने का कोई इरादा हो तो उसे त्याग देना। यहां चप्पे-चप्पे पर गार्ड मौजूद हैं, भून कर रख देंगे तुम्हें।

दस मिनट बाद-

ओह! खाने के साथ दो यमदूत भी हैं।

वह खाने पर टूट पड़ा-

अचानक-

http://manojcomicsworld.blogspot.in



http://manojcomicsworld.blogspot.in

http://manojcomicsworld.blogspot.in

भागता हुआ शाका लिफ्ट तक पहुंच गया।

कहीं इसके अन्दर मेरे स्वागत के लिये गार्ड तो नहीं।

LIFT

उसने फुर्ती से लिफ्ट का दरवाजा खोला और साइड में हो गया।

अगले ही पल-

आह! आह!

वह लिफ्ट में प्रविष्ट हुआ।

NO SMOKING

इसका प्रयोग करना ठीक नहीं, अगर इन लोगों ने इसकी करेन्ट सप्लाई बंद कर दी तो मैं बीच में ही फंस कर रह जाऊंगा।

वह लिफ्ट से बाहर आ गया।

पता नहीं सीढ़िया किधर हैं?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

जल्दी ही उसे सीढ़ियां मिल गई।

लगता है गार्ड इधर आ रहे हैं।

वह पलट कर ऊपर भागा।

उधर उस इमारत के कंट्रोल रूम में—

जोजफ... किसी तरह उसे रोको। वरना वह निकल जायेगा।

कैसे रोकूं चीफ! वह हमारे गार्डों को कीड़े-मकौडों की तरह मार रहा है। फुर्तीला इतना है कि गोलियों से बच जाता है।

...हमारी लिफ्ट वाली चाल में भी वह नहीं फंसा।

कोई और चाल सोचो!

मेरे ख्याल से गार्डों को ग्रेनेड प्रयोग करने का आर्डर दे देना चाहिये।

दिमाग खराब है, इस तरह तो हैड क्वार्टर नष्ट होने का खतरा है।

अचानक चीफ के दिमाग में एक प्लान आया।

तुम फौरन नीचे पार्किंग में पहुंचो!

क...क्यों?

यहां से निकल कर शाका को भगाने के लिये कार की जरूरत पड़ेगी या नहीं?

हां... वो तो पड़ेगी।

मगर पार्किंग में तो बहुत सारी कारें होंगी।

तुम नीचे पहुंचो तो, तुम्हें वहां एक ही कार मिलेगी।

मूर्ख! अब भी नहीं समझे, तुम्हें कार में बम फिट करना है।

जोजफ के जाते ही—

स्मिथ... पार्किंग से सारी गाड़ियां हटवा कर गेट से कुछ दूर एक कार खड़ी करवा दो, जल्दी करो!

ओ० के० चीफ!

शाका लाशों के ढेर लगाता हुआ ग्राउण्ड फ्लोर पर पहुंच गया।

मेन गेट पर गार्डों से शाका का जम-कर मुकाबला हुआ, पर अंत में शाका गार्डों को मार कर इमारत से बाहर निकलने में सफल हो गया।

वाह! कार सामने ही खड़ी है।

सावधान शाका!

यहां पर एक ही कार नजर आ रही है। इसके पीछे कोई चाल है।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

चीफ! कार स्टार्ट करते ही उसके चिथड़े उड़ जायेंगे।

अरे... वह तो सड़क की ओर भाग रहा है।

वह अपनी यह चाल भांप गया है चीफ!

फायर!

भून डालो उसे। बच कर न जाने पाए।

अगले ही पल—



http://manojcomicsworld.blogspot.in

पीछा करो उसका. इस शहर से जिन्दा न जाने पाये वह!

अभी शाका कुछ ही दूर जा पाया था कि—

ओह! तो पीछा किया जा रहा है। आओ, किसी को नहीं छोड़ूंगा!

http://manojcomicsworld.blogspot.in

शाका कार में बैठकर वहां से चल दिया।

मुझे अब इस कार से छुटकारा पा लेना चाहिये, वरना मैं फंस जाऊंगा।

पांच किलोमीटर आगे जाकर उसने एक गली के सामने कार रोक दी और नीचे उतरकर गली में भागता चला गया।

इस देश से बाहर कैसे निकला जाये, एयर पोर्ट, रेलवे तथा बस स्टेशन पर तो मुझे घेरने का पूरा इंतजाम हो चुका होगा।

गली पार करके शाका दूसरी ओर सड़क पर निकला।

ट्रांसपोर्ट

यह ट्रक लोडिड है और कहीं जाने वाला है। क्यों न इसी में बैठ कर यहां से निकल जाऊं?

नजर बचा कर शाका ट्रक पर चढ़ गया। कुछ देर बाद ट्रक चल दिया।

इस शहर से निकल जाऊं फिर भारत पहुंचने में ज्यादा मुश्किल नहीं होगी।

एक घण्टे बाद—

हैलो हार्डी, चीफ स्पीकिंग, शाका हैड-क्वार्टर से भाग निकला है।

व्हाट?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

घबराने की जरूरत नहीं है, हमने शहर के सभी रास्तों को सील कर दिया है। वह यहां से निकल नहीं पायेगा, फिर भी तुम लोग होशियार रहना।

शाका किस्मतवाला निकला – वह चैक पोस्ट पार कर गया

स्पेशल आर्डर... हर गाडी चैक करो! लम्बा-चौड़ा जो भी आदमी दिखे, उसे गिरफ्तार कर लो!

STOP

CHECK POST

ओ० के०

दूसरे शहर पहुंचकर शाका ने ट्रक छोड़ दिया और आधी रात को एक फ्लाइंग क्लब से टू सीटर विमान चुराकर भारत की ओर उड़ चला।

अगले दिन रात में-

लगता है मेरे भागने की खबर यहां पहुंच चुकी है। और इन लोगों ने सरदार साकू को बेवकूफ बनाकर अपने हथियार प्राप्त कर लिए हैं।

पेड़ से फल तोड़कर शाका ने एक और उछाल दिया।

चप

उधर कोई है जैक्सन!

कहीं शाका तो यहां नहीं पहुंच गया नार्मन?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

हो सकता है!

हमें फौरन हार्डी को खबर कर देनी चाहिये।

अगर शाका न हुआ तो सब हमारी बुजदिली का मजाक उड़ायेंगे।

फिर क्या किया जाये?

तुम यहीं रुको मैं उधर देखकर आता हूं।

ठीक है! पर होशियारी से।

नार्मन के जाते ही शाका जैक्सन के पीछे प्रकट हुआ।

धड़ाम

कुछ देर बाद—

हम बेकार में डर रहे थे। वह तो एक फल के गिरने से आवाज हुई थी।

http://manojcomicsworld.blogspot.in

जैसे ही नार्मन करीब आया-

अरे... इसे क्या हुआ?

वही, जो अब तुम्हें होने वाला है।

उसके बाद शाका दबे पांव कैम्प में प्रविष्ट हुआ।

यह रहा क्लोरो-फार्म।

क्लोरोफार्म

क्लोरोफार्म में कपड़े का टुकड़ा भिगोकर शाका दूसरे कैम्प में पहुंचा

बेहोश करने का यह तरीका अच्छा है।

अगले दिन सुबह—

अरे... हम यहां कैसे आ गये?

हमारी यह हालत किसने बनाई?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

मैंने!

त...तुम?

श...शाका?

BHISEE

अब तक तुम कितने गुर्दे निकाल चुके हो?

स...साठ!

भेजे कितने हैं?

ब...बीस!

यानी चालीस यहीं हैं। ठीक है, जो बीस जा चुके हैं उनकी जगह तुम लोगों के गुर्दे काम आयेंगे। चलो, आपरेशन शुरू करो!

http://manojcomicsworld.blogspot.in

http://manojcomicsworld.blogspot.in

लाज़वाब कुत्ता

सम्पादक : गुलशन राय

कथानक व चित्रांकन : विनोद भाटिया



http://manojcomicsworld.blogspot.in

क्या तुम्हारा मालिक खो गया है? और तुम यह चाहते हो कि मैं यह केस अपने हाथ में लेकर उसे ढूंढूं?

देखो, वह हां में सिर हिला रहा है.

लेकिन उसने मेरी फीस तो अदा की नहीं. भला मैं उसका केस अपने हाथ में कैसे ले सकता हूं?

अरे! यह क्या कर रहा है तू?

अए! यह तो अपने गले का पट्टा उतार रहा है?

वह अपने केस की फीस के रूप में तुम्हें यह पट्टा दे रहा है?

अरे! यह तो बड़ा सयाना कुत्ता है?!

मैंने पहली बार जिन्दगी में इतना समझदार कुत्ता देखा है. मैं इसका केस फ्री में करूंगा-ठीक है. मैं तुम्हारे मालिक को ढूंढूंगा.

ठीक है... अब तुम मुझे उस जगह ले चलो जहां पर आखिरी बार तुमने अपने मालिक को देखा था?

बुफ...बुफ...

http://manojcomicsworld.blogspot.in

मिकी ! तुम जैसा-जैसा कहते जा रहे हो वह वैसे-वैसे ही सब कुछ समझ रहा है ?

अरे! इस पोस्टर को देखो! इस पोस्टर में जो कुत्ता बना हुआ है- मुझे तो यह वही कुत्ता लग रहा है- और इसका नाम मोती है!

स्टेज बाहर जाने का रास्ता-

राजू और मोती - दुनिया का सबसे आश्चर्य- जनक कुत्ता-

बड़े कमाल का कुत्ता है!

चलो उसके पीछे चलें वह इस बिल्डिंग में घुस रहा है ?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

जिस तरह से यह चुस्ती-फुर्ती दिखा रहा है और अपने मालिक की खुशबू पहचानने की कोशिश कर रहा है उससे लगता है यह केस जल्दी सुलझ जाएगा।

अगर यह बोल पाता तो कितना अच्छा होता ?

दोस्तो! मेरा नाम माया है, और मैं किसी का भी दिमाग पढ़ने में सक्षम हूं. शायद मैं मोती का दिमाग पढ़ सकूं ?

अरर्रर बहनजी!

हमें मालूम है दिमाग पढ़ने की बातें सिर्फ कॉमिक्स में होती है. सचमुच में ऐसा कुछ नहीं होता।

रुको!

मैं... मैं मोती के विचारों को पढ़ने की कोशिश कर रही हूं. वह याद कर रहा है. आज की रात के आख़िरी शो के बाद... एक हमला हुआ था ?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

उसे एक कमरे में धकेल दिया गया और एक आदमी ने उसके मालिक को पकड़ लिया. जब तक मोती बाहर आता वे लोग जा चुके थे!?

क्या यह सच कह रही है मोती?

बुफ...बुफ...बुफ... बुफ...

मेरे दिमाग में वह जगह भी आ रही है कि वह उसे कहां ले गए हैं शहर के दक्षिणी रोड़ पर....

कमाल है!

आप तो वाकई में दिमाग पढ़ना जानती हैं!

अगर मुझे पता होता कि जासूसी के काम में ऐसी बातें बड़ी काम आती हैं, तो मैं जरूर सीखता!

अगर मोती तुम कहते हो कि जो उस औरत ने बताया, वह सच है तो हमें जल्दी से दक्षिणी रोड़ पर पहुंचना चाहिए

बुफ...बुफ...

एक बार देख लेने में कोई हर्ज नहीं.

तुम ठीक कह रहे हो!

वह तो अचानक ही मैंने इकबाल मकसूद के किया कलाप को अपनी खिड़की के नीचे होते देख लिया था-इस तरह से मुझे पता था कि क्या हुआ था.

इकबाल मकसूद मैनेजर

और मैंने उसे कई बार दक्षिणी रोड़ पर जाते देखा था. क्योंकि वहां समुद्र के बीच उसकी एक नाव है ?

यही समय है कि इकबाल मकसूद को उसकी गन्दी हरकतों के लिए कोई सबक सिखाया जाए!

वह हमेशा ही अपने क्लब में काम करने वाले गरीब बाज़ीगरों को परेशान करता रहा है. वह उनकी मज़बूरी का फायदा उठाता रहा है।

उधर पानी के ऊपर खड़ी नाव में...

मैं किसी भी तरह से तुम्हारी मदद नहीं कर सकता मकसूद!! तुम एक कैदी को रिहा करने की कोशिश कर रहे हो?

तेरे तो अच्छे भी करेंगे. बस तुम हथोड़ा सिंह को जेल से बाहर निकाल दो।

और यह काम बस तुम ही कर सकते हो. तुम मुझे इन्कार भी नहीं कर सकते.

पास ही...

हम अब समुद्र के बीच में आ गए हैं. शायद कोई सूत्र मिल जाए ?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

बुफ... बुफ...

लगता है मोती ने अपने मालिक की खुशबू पकड़ ली?

बुफ... बुफ...

!!

यह तो मोती की आवाज़ है...

हैं! उसके साथ कोई दो जनें और भी हैं. अभी ख़बर लेता हूं उनकी.

मोती! मैं यहां हूं.

वह बेवकूफ कुत्ता यहां नहीं घुस सकता. मैंने दरवाजा बन्द कर दिया हैं.

बुफ... बुफ!

धड़ाम!

ठक!

http://manojcomicsworld.blogspot.in

मैं प्राइवेट जासूस मिंकी हूं. और मैं मिस्टर राजू की तलाश में भटक रहा हूं.

मैंने उसके बारे में नहीं सुना.

अब यहां से फूट लो, और अपने कुत्ते को भी ले जाओ!

मैं यहां हूं. मुझे बचाओ...

आंए ! यह तो गड़बड़ हो गयी ? तुम दोनों ने कुछ ज्यादा ही सुन व जान लिया है ?

मेरा नाम मिंकी है. और तुम्हारा कुत्ता हमें यहां तक लाया है.

मुझे यह तो नहीं मालूम कि तुमने हमें ढूंढ़ कैसे लिया-लेकिन अब तुम दोनों भी इसी नाव पर बन्दी हो!

मेरा नाम राजू है.

ओह! मुझे खोजने के लिए तुमने बड़ा कष्ट उठाया आपने.

http://manojcomicsworld.blogspot.in

कुछ देर बाद-जेलकी एक ऊंची दीवार के पास-

इस जेल के अन्दर मेरा साथी हथौड़ासिंह बन्द है. मैं उसकी खिड़की तक रस्सी फेंकूंगा. तुम रस्सी पर चलते हुए उस तक टोकरी लेकर जाओगे.

उसने करीब सौ लोगों की हथौड़ा मार कर हत्या की. इसलिए उसे आजीवन कारावास की...

...सजा मिली हुई है.

उसने क्या जुर्म किया था?

इकबाल मकसूद लोगों को दिखाने के लिए क्लब चलाता है. वैसे उसका असली काम लोगों की हत्याएं करवाना है?

उसे खोल दो अब!

अब देखो मेरा कमाल!

http://manojcomicsworld.blogspot.in

आहा!

ये हमारी खुश-किस्मती है कि उन्होंने इस तरफ सिपाही नहीं लगा रखे. भागने में आसानी रहेगी.

हथोड़ा सिंह हफ्तों से उन सलाखों को काटने में लगा पड़ा था. अब उसने रस्सी को बांध दिया होगा।

हथोड़ा सिंह कोई एक्सपर्ट तो है नहीं, जो रस्सी से नीचे आ सके.

लेकिन इस सब में राजू की तुम्हें क्या ज़रूरत आ पड़ी?

क्या तुम्हारा साथी अपने आप रस्सी पर से फिसलता हुआ नीचे नहीं आ सकता?

और अब राजू यह टोकरा उसके पास ले जाएगा, जिससे वह आराम से इसके सहारे नीचे उतर आए.

http://manojcomicsworld.blogspot.in

लेकिन क्लबों और सर्कस में मैं सीधी तार के ऊपर चलता था.

अब तुम चल पड़ो.

टिंकू ! चल, हमें मोती को उठाना चाहिए. अब वह ही हमारी मदद कर सकता है !

लेकिन वह तो उस दरवाजे से टकरा कर बेहोश हो गया था ?

तुम इसे हिला डुला कर उठाने की कोशिश करो. तब तक मैं कुछ और जुगाड़ करता हूँ.

उठ जा मोती ! देख इकबाल मकसूद तेरे मालिक राजू को अपने अपराध में शामिल करके अपने साथी को छुड़ा रहा है?

और हमें किसी तरह उसे रोकना है.

टिंकू इधर आ- मुझे तेरी मदद की जरूरत है ?

http://manojcomicsworld.blogspot.in

जहाज के डेक पर मुझे ये जाल मिल गया है ?

आहा ! तुम आ गए- जल्दी से छोकरी मेरे हवाले करो ?

यही मौका है, इस बदमाश को दबोच लेना चाहिए

पकड़ लिया, इसने बड़ा परेशान कर रखा था

http://manojcomicsworld.blogspot.in

http://manojcomicsworld.blogspot.in

वाह! तुमने तो इन बदमाशों पर बड़ी आसानी से काबू पा लिया?

जल्दी से नीचे आओ अब हम उसे सबक सिखाते हैं.

अब मैं इस रस्सी को इस पत्थर से खोल देता हूँ.

आह!

यह तो अच्छा हुआ कि वह पत्थरों की बजाय पानी में गिरा.

पुलिस! जल्दी आओ, इधर जेल की पिछली दीवार के पास खूंखार अपराधी हथौड़ा सिंह, जेल तोड़कर भाग रहा है!

आ जा प्यारे! अब तुझे भी तेरे साथी के साथ वापस जेल में पहुंचा देते हैं हथौड़े!

http://manojcomicsworld.blogspot.in

अब पुलिस को उपहार में देने के लिए हमने उन दोनों को अच्छी तरह पैक कर दिया है।

मिंकी! तुमने और टिंकू ने भी मुझे ढूंढने में बड़ी मेहनत की- मैं तुम्हारी सेवाओं के लिए तुम्हें अच्छी रकम दूंगा।

यह तो हमारा फ़र्ज़ था.

तुम्हारे इस कुत्ते और भविष्य बताने वाली माया ने भी तुम्हें ढूंढने में बड़ी मदद की.

अब सब ठीक ठाक हो गया. अब आप फिर से अपना काम शुरू कर सकते हैं।

समाप्त

http://manojcomicsworld.blogspot.in

Presented by @sdch_club

Join us on telegram

t.me/comics_hindi

t.me/raj_comics_unofficial

t.me/tvseries_4u

t.me/video_short

t.me/joinchat/HOrD4ojPhi9YCoZU

t.me/joinchat/AAAAAFQGITMkD8puJ1QKrw